भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †3647

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

कदमत में पर्यटन अवसंरचना का पुनरुद्धार

†3647. श्री हमदुल्ला सईद:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कदमत द्वीप में एग्जीक्यूटिव हट और हनीमून रिसॉर्ट्स सहित वर्तमान पर्यटन अवसंरचना वर्तमान में खाली पड़ी हुई है और उसकी देखरेख नहीं की जा रही है;

(ख) क्या सरकार के पास इन पूर्व-विद्यमान सुविधाओं का उपयोग करते हुए कदमत में क्रूज पर्यटन और प्रवास पर्यटन दोनों को पुनरुद्धार और संचालन करने की कोई ठोस योजना है; और

(ग) अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू पारिस्थितिकी-पर्यटन को आकर्षित करने हेतु कदमत के विशाल लैगून और समुद्र तट की परिसंपत्तियों को बढ़ावा देने हेतु उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): लक्षद्वीप के पर्यटन स्थलों सहित पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं, जैसे स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) - स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत एक पहल तथा तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) आदि के तहत, कम ज्ञात पर्यटन स्थलों के विकास के प्रस्तावों सहित संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से, योजना के दिशानिर्देशों एवं सरकार के निर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन देश में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने संबंधी पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है। सृजित परिसंपत्तियों का परिचालन एवं प्रबंधन (ओ एंड एम) भी संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है।

लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, हनीमून रिज़ॉर्ट को मेसर्स आईएचसीएल (इंडियन होटल कंपनीज लिमिटेड) द्वारा पीपीपी मोड के अंतर्गत कदमत ईको-टूरिज्म परियोजना में शामिल किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय भारत का एक समग्र पर्यटन गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है। मंत्रालय सोशल मीडिया, वेबसाइटों तथा मेलों और प्रदर्शनियों में भागीदारी आदि सहित विभिन्न माध्यमों से लक्षद्वीप के पर्यटन स्थलों सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों का भी प्रचार-प्रसार करता है।

******